हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 पुरानी रंजिश में हुई फायरिंग में एक की मौत के बाद हत्या...



07 स्वास्थ्य सेवाओं में ऐसा सुधार हो कि गरीब को न जाना पड़े प्राइवेट...



## मरीजों में नाराजगी : इमरजेंसी में भी पहले काटी जा रही पार्किंग रसीद, जिम्मेदार मौन

# गजब ट्रामा सेंटर: 10 रुपए में सरकारी इलाज दो पहिया वाहन की पार्किंग का शुल्क 20 रुपए

कई बार 5 से 10 मिनट तक रसीद के चक्कर में मरीज गेट पर ही परेशान होता रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल में इलाज तो 10 रुपए के पर्चे पर मिल जाता है, लेकिन अस्पताल परिसर में दोपहिया वाहन खड़ा करने के लिए मरीजों के परिजनों से 20 रुपए वसूले जा रहे हैं। सरकारी अस्पताल में इलाज से महंगी पार्किंग होने पर मरीज और उनके परिजन नाराज हैं।

### इलाज सस्ता, पार्किंग महंगी

जिला अस्पताल में 10 रुपए के पर्चे पर डॉक्टर का परामर्श और दवाइयां मुफ्त मिलती हैं। मगर हकीकत यह है कि अस्पताल गेट पर ही पार्किंग कर्मी 20 रुपए की रसीद काटने के बाद ही वाहन को अंदर जाने देते हैं। यानी मरीज के इलाज से पहले परिजन को पार्किंग शुल्क चुकाना पड़ रहा है।

### इमरजेंसी में भी नहीं मिली रियायत

मरीजों का आरोप है कि गंभीर हालत में पहुंचने पर भी पार्किंग कर्मी रसीद काटे बिना अंदर नहीं जाने देते। कई बार 5 से 10 मिनट तक रसीद के चक्कर में मरीज गेट पर ही परेशान होता रहता है। संवेदनशीलता की कमी से परिजनों में आक्रोश है।




फाइल फोटो

### मरीज के परिजन ने बताई आपबीती

मंडी निवासी राजेश राय रात 9 बजे अपने परिजन को आंखों की समस्या के कारण जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। राजेश ने बताया, "जैसे ही गाड़ी खड़ी की, पार्किंग कर्मी ने रोक दिया। मैंने कहा मरीज को अंदर छोड़कर आता हूं, फिर पैसे दे दूंगा, लेकिन कर्मी ने साफ कहा—पहले 20 रुपए निकालो, फिर अंदर जाओ।"

### जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में हो रही इस वसूली की जानकारी जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को है। कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदारों की चुप्पी इस अवैध वसूली को मौन स्वीकृति दे रही है। अस्पताल परिसर में हो रही इस वसूली से जिला अस्पताल की छवि धूमिल हो रही है। मरीजों ने प्रशासन से मांग की है कि इमरजेंसी और ओपीडी के मरीजों के लिए पार्किंग निःशुल्क की जाए और अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए।

सिविल सर्जन डॉ. यूके श्रीवास्तव ने बताया कि यदि इस तरह से अधिक पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है तो जांच के बाद ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।



फाइल फोटो

### सरकारी दावों पर उठे सवाल

एक ओर सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मुफ्त और सुलभ बनाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर 10 रुपए के पर्चे के मुकाबले 20 रुपए की पार्किंग पर्ची सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। आम आदमी पूछ रहा है कि जब इलाज मुफ्त है तो अस्पताल में घुसते ही 20 रुपए का शुल्क किस बात का लिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### स्लॉट बुकिंग के लिए संभागवार समय सारणी निर्धारित



**सीहोर।** मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन पोर्टल पर अधिक ट्रैफिक (सर्वर लोड) को देखते हुए किसानों की सुविधा के लिए संभाग-वार स्लॉट बुकिंग का समय निर्धारित किया गया है, ताकि पोर्टल पर दबाव कम हो और किसान आसानी से स्लॉट बुक कर सकें। किसानों को यह सुझाव दिया गया है कि वे अपने संभाग के लिए निर्धारित समय पर ही स्लॉट बुकिंग के लिए प्रयास करें और स्लॉट बुकिंग करते समय इंटरनेट कनेक्शन स्थिर रखें, ताकि बुकिंग प्रक्रिया बीच में न रूके। संभागों के लिए निर्धारित समय सारणी अनुसार दोपहर 03:00 बजे से सागर संभाग, शाम 05:00 बजे से रीवा संभाग, शाम 07:00 बजे से ग्वालियर, चम्बल, शहडोल एवं जबलपुर संभाग के लिए समय निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग तथा इंदौर एवं उज्जैन संभाग के किसानों के लिए पोर्टल पर अलग से विकल्प दिया गया है। वे सीधे उस लिंक/ऑप्शन का उपयोग कर स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य परीक्षण व मलेरिया जागरुकता शिविर आयोजित



**सीहोर।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सीहोर के मंडी स्थित संजीवनी क्लिनिक पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं मलेरिया जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मरीजों को मलेरिया के उन्मूलन प्रति जागरूक किया और मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## मोलगा-रामनगर रोड पर युवक का शव मिला, शरीर पर धारदार हथियार के निशान, कॉल डिटेल निकाल रही पुलिस

**इछावर।** जिले के इछावर क्षेत्र में मोलगा-रामनगर मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक युवक का शव मिला है। राहगीरों ने सड़क किनारे खून से सना शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से हमले के गहरे निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस की शुरुआती जांच में मृतक की पहचान ग्राम सतपीपलीया निवासी अंकुश परमार के रूप में हुई है। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की।

### शरीर पर कई जगह जख्म के निशान

मृतक के शरीर पर गहरे जख्म मिले हैं, जो धारदार हथियार से किए गए प्रतीत होते हैं। सूचना मिलते ही इछावर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल को सील कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मान रही है। धारदार हथियार के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। पुलिस रंजिश और अन्य संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

एसपी दीपक शुक्ला ने बताया कि आज सुबह करीब 9:30 बजे ग्राम सतपीपलीया निवासी देवेंद्र परमार (32) ने सूचना दी कि उनके भाई अंकुश परमार (28) का शव इछावर-रामनगर रोड पर हेमराज के खेत की मेड के पास सतपीपलीया के कच्चे रास्ते पर पड़ा है। सूचना पर देहाती मर्ग इंटीमेशन दर्ज किया गया है।



### फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने पहुंची

एसपी शुक्ला के अनुसार, शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है और उस पर धारदार हथियार से चोट के निशान हैं। भोपाल से एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। पुलिस गांव के पुराने विवादों और अंकुश की कॉल डिटेल्स खंगाल रही है ताकि हत्या की गुत्थी सुलझाई जा सके।

## कटर से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

# पान की दुकान पर हुआ था विवाद, 6 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के बुधनी में 24 अप्रैल की रात बस स्टैंड के पास एक पान-बेकरी की दुकान पर धारदार कटर से हमला हुआ। इस घटना में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रतीक पालीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा ने बताया कि यह घटना राकेश चौहान की पान-बेकरी की दुकान पर हुई। रेहटी निवासी अनिल चौहान (25) की रिपोर्ट पर आरोपी प्रतीक पालीवाल के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### कटर से किया हमला

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने शराब के नशे में फरियादी और उसके साथियों से विवाद किया। इसके बाद उसने जान से मारने की नीयत से धारदार कटर से हमला कर दिया। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देश और एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में रेहटी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



### घायलों को भोपाल रेफर किया गया

घायलों में अनिल चौहान (25), राकेश चौहान (46), राजेश चौहान (50), अंकित चौहान (29), धर्मेंद्र चौहान (45) सभी रेहटी निवासी शामिल हैं।

इनके अलावा डोलरिया, नर्मदापुरम निवासी वीरेंद्र राजपूत (30) भी घायल हुए हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। मामले की जांच जारी है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनेक गतिविधियां आयोजित




**सीहोर।** सीहोर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी शक्ति वंदन विषय पर विशेष व्याख्यान, विचार-विमर्श, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, प्रस्तावना का सामूहिक वाचन सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। 25 अप्रैल को इन गतिविधियों के समापन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीओ सुश्री पूजा शर्मा ने छात्राओं को स्वाभिमान, आत्मसम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अनुचित घटना होने पर बिना संकोच तुरंत पुलिस को सूचना दें, जिससे समय पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा एवं डॉ. पंकज जैन उपस्थित थे।

### महिला ने युवक को पीटा: ट्रैफिक थमा, टीआई बोले अभी कोई शिकायत नहीं



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के कर्बला पुल पर एक महिला द्वारा एक युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना बीते दिन शाम की है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला युवक को थप्पड़ और लातों से मार रही है। आसपास मौजूद लोग इस दौरान मौके पर खड़े दिखाई देते हैं। कुछ लोग घटना का वीडियो बनाते हुए भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा विवाद बढ़ने पर कुछ राहगीरों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। काफी देर बाद महिला को शांत कराया जा सका। इस दौरान कर्बला पुल पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित होता दिखाई देता है।

हालांकि, मारपीट के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में अभी तक किसी पक्ष की ओर से आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि पुलिस को वायरल वीडियो के संबंध में अभी तक कोई औपचारिक जानकारी नहीं मिली है और न ही किसी ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कथाओं से ही हमारी सनातनी संस्कृति आज तक जीवित: महंत रामभूषण

# प्राण-प्रतिष्ठा: महाकुंभ कलश यात्रा में आए संतों की विदाई, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंटरनेट के कारण अश्लील सामग्रियों की बाढ़ सी आ गई है। जिससे हमारी मानसिकता दूषित हो रही है और कुछ षडयंत्रकारी लोग यही चाह रहे है कि हमारी मानसिकता दूषित हो और हम और हमारी संस्कृति पिछड जाए। लेकिन कथाओं और सत्संग के कारण ही हमारी सनातनी संस्कृति आज तक जीवित है इसलिए जहां भी कथा हो श्रवण अवश्य करना चाहिए, जहां पर भी धार्मिक कार्य हो वहां पर अपना योगदान देना चाहिए। नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार डालने और भारत की गौरवशाली परंपरा से वाकिफ करवाने के लिए शिक्षा पद्धति में कुछ बदलाव की आवश्यकता है। उक्त विचार शहर के प्राचीन सिद्ध पीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आयोजित संत समागम के अंतिम दिवस श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज ने कहे। शहर के कोलीपुरा में आयावत षट्दर्शन साधु मंडल भारत के तत्वाधान में दो दिवसीय संत समागम का आयोजन किया गया था।



रविवार को अंतिम दिवस यहां पर आए संत समागम और महाकुंभ कलश यात्रा में शामिल साधु-संतों का महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज, संत माधव दास महाराज, मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय, यात्रा प्रभारी सन्नी सरदार, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास, बजरंग दल के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, सह प्रभारी रजत मुंदडा आदि ने यहां पर आए नागा साधुओं और संतों का सम्मान कर विदाई दी।

वहीं सुबह यहां पर पंचाग पूजन, मंडल प्रवेश, देवता आह्वान और अग्नि स्थापना का आयोजन यज्ञशाला में किया गया। वहीं भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे दिवस सुबह आठ बजे प्रथम सत्र में नित्य पूजन, अभिषेक, अर्चन और हवन का आयोजन किया जाएगा।

# कैदी भाईयों को स्वरोजगार से जोड़ने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित जिला जेल में बंदियों के लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक एवं प्ली बारगेनिंग योग्य मामलों के निराकरण के लिए विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस जेल लोक अदालत में कुल 5 मामले रेफर किये गये।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा बैंक ऑफ इंडिया लीड बैंक एवं स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से बंदियों में दक्षता निर्माण हेतु प्रारंभ की गई पहल दक्षता से स्वावलंबन के अंतर्गत अगरबत्ती, साबुन, सर्फ, फिनाइल, दीया आदि सामग्री निर्माण का 12 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 29 बंदियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये। उन्होंने बंदियों से कहा कि वे जेल से बाहर निकलने के बाद स्वावलंबी बनें और अपना भविष्य उज्जवल करें। सचिव स्वप्नश्री सिंह ने कहा कि बंदियो को इस अवसर का लाभ उठाते हुये अपनी कला को निखारना चाहिए ताकि बाजार में उन्हें उनकी सामग्री के अच्छे दाम प्राप्त हो और उनका जीवन यापन जेल के बाहर भी सरलता से हो सके। इसी उद्देश्य से दक्षता से स्वावलंबन प्रशिक्षण की पहल प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर न्यायाधीशों बंदियों द्वारा बनाई गई सामग्रियां भी खरीदीं। इस अवसर पर जेल लोक अदालत खण्डपीठ प्रभारी अधिकारी विनीता गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जेलर अक्षय सिंहोतके एवं लोक अदालत खंडपीठ के सदस्य राजेंद्र कुशवाह एवं सुमन सिकरवार तथा स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि सहित बंदी गण उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### खाटू श्याम मंदिर पर दिनभर बांटी खिचड़ी



**भौरासा।** क्षेत्र स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर नेवरी फाटा धाम पर एकादशी के अवसर पर सोमवार को दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 5 बजे से ही भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर खिचड़ी प्रसाद का विशेष वितरण किया गया। भक्ति का अनूठा उदाहरण देते हुए 10 वर्षीय देवराज करीब 1 किलोमीटर दंडवत करते हुए बाबा के दरबार पहुंचा। रात्रि में मंदिर परिसर में ज्योत प्रज्वलित की गई तथा भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। साथ ही संकीर्तन एवं भजन संध्या भी आयोजित की गई।

### गांव गैर माता पूजन की तैयारियां अंतिम चरण में



**भौरासा।** नगर में मंगलवार को आयोजित होने वाले गांव गैर माता पूजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। आयोजन में लगभग एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है, जिसके चलते तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।इसी कड़ी में पूजा स्थल एवं प्रमुख मार्गों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत, भौरासा मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा, नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, एल्डरमैन मुकेश कुमावत, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार नरेंद्र माली, पुलिस थाना से नरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुन्नीलाल वर्मा तथा नगर परिषद के अनिल नामदेव व दरोगा सतीश फतरोड सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नाहर दरवाजा पुलिस ने हत्या के सनसनीखेज मामले में की प्रभावी कार्रवाई

# पुरानी रंजिश में हुई फायरिंग में एक की मौत के बाद हत्या के 5 आरोपी गिरफ्तार

**16-17 अप्रैल की दरमियानी रात आरोपियों ने पूर्व नियोजित तरीके से देशी पिस्टल एवं डंडों से किया था मृतक पर जानलेवा हमला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना नाहर दरवाजा पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2026 को थाना क्षेत्र के भवानी सागर में फरियादी गौतम नाथ एवं उसके साथी शुभम उर्फ लड्डू नाथ पर अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली चलाने और डंडों से हमला करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि 16-17 अप्रैल की दरमियानी रात पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने पूर्व नियोजित तरीके से देशी पिस्टल एवं डंडों से जानलेवा हमला किया। इस हमले में शुभम उर्फ लड्डू नाथ की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि गौतम नाथ के पैर में दो गोलियां लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार जारी है। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि घटना को भ्रामक बनाने और झूठी क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आरोपियों ने अपने ही साथी वरुण बाली के पैर में गोली मार दी थी, ताकि मामले को दूसरी दिशा दी जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमित सोलंकी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्य,



मुखबिर तंत्र और संभावित ठिकानों पर दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

#### गिरफ्तार आरोपी

रितिक सिहोते (25), सिद्धार्थ उर्फ गट्टू सिहोते (20), वरुण बाली (24), मोनु सिहोते (34) और विपीन बाली (34) निवासी भवानी सागर, देवास।

#### फरार आरोपी


तुषार सिहोते, विकास सिहोते, संदीप पाटीदार, तनीष्क उर्फ गोपी दवे, राज मालवीय एवं राहुल चौहान उर्फ शूटर। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 देशी पिस्टल और 2 डंडे बरामद किए हैं।

#### सराहनीय योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमित सोलंकी, उप निरीक्षक राहुल पाटीदार, गणेशलाल जटिया, प्रधान आरक्षक रवि भदौरिया, नितेश द्विवेदी, यशवंत सिंह, भगवान सिंह, आरक्षक विकास पटेल, योगेंद्र सिंह एवं साइबर सेल के सचिन चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एलएनबी क्लब में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में हुआ झगड़ा

**दो लोगों का सिर फूटा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एलएनबी क्लब में रविवार रात आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान बड़ा विवाद हो गया। वजन वर्ग को लेकर शुरू हुए झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें पहलवानों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकीं। इस घटना में दो दर्शक घायल हो गए। विवाद इतना बढ़ गया कि मंच पर ही कुर्सियां चलने लगी और लोग एक-दूसरे से मारपीट करते दिखे। इस अफरा-तफरी में दो लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। करीब आधे घंटे तक आयोजन स्थल पर हंगामे की स्थिति बनी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान कुछ लोग एक युवक के पीछे दौड़ते दिखे, जबकि मंच पर लगातार कुर्सियां फेंकी जा रही थी। इस दौरान कई अन्य लोगों को भी चोट लगने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि इंदौर के दो पहलवानों के बीच फाइनल में वजन वर्ग को लेकर विवाद हो गया। जिसमें कुर्सी फेकने की घटना सामने आई है। घटना में आयुष ठाकुर और जतिन नाम के दो लडक़ों को चोट आई थी, जिन्हें प्राथमिक इलाज दिया गया है और उनकी छुट्टी हो गई है। पुलिस से जानकारी के अनुसार इंदौर के शेखर ठाकुर ने मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है जो की आयुष ठाकुर के रिश्तेदार हैं। पुलिस ने शिकायत पर मनीष नामदेव, लोकपाल, मयूर मड़वाल और कपिल गुर्जर पर केस दर्ज किया है। कोतवाली वाली पुलिस ने चार लोगों पर प्रकरण दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दूल्हे के पिता की कार दुर्घटनाग्रस्त, मौत

**देवास।** बेटे की शादी के बाद घर लौट रहे दूल्हे के पिता की कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे शादी की खुशियां कुछ ही घंटों में मातम में बदल गईं। कनेरिया निवासी दिनेश दुबे के बेटे का विवाह रविवार रात लोहार पिपलिया में संपन्न हुआ था। सभी रस्में पूरी होने के बाद सोमवार सुबह लडक़ी पक्ष इंदौर रवाना हो गया था। दिनेश दुबे शादी स्थल से कुछ सामान लेकर कार से अपने गांव कनेरिया लौट रहे थे। इसी दौरान सोमवार सुबह करीब 11 बजे बिलावली के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले की जांच जारी है। गंभीर रूप से घायल दिनेश दुबे को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। नवविवाहित दूल्हा और परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं।

### शादी समारोह से लौटते वक्त हुए सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

**देवास।** हाटपीपल्या रोड स्थित मुंडला क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक सडक़ हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार छोटी चुरलाई निवासी सुमित्रा बाई (65), देवेंद्र सिंह (45) और सुनीता बाई पति आनंद सिसोदिया भमोरी में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। सोमवार दोपहर मुंडला क्षेत्र में उनकी बाइक अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना के बाद डायल 112 की मदद से तीनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुनीता बाई को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल देवेंद्र सिंह और सुमित्रा बाई का अस्पताल में उपचार जारी है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## डीलर मार्जिन बढ़ाने सहित कई मांगों को लेकर कीटनाशक व्यापारियों ने पीएम के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर देशभर के खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों ने सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहे। इसी कडी में कृषि बीज एवं कीटनाशक दवाई व्यापारी एसो., देवास के बैनरतले देवास के सभी व्यापारियों ने भी अपनी दुकाने बंद रखते हुए रैली निकाल ज्ञापन दिया। संघ जिलाध्यक्ष दिलीप गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर ने बताया कि जवाहर चौक से रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर संजीव जैन को



नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। तत्पश्चात कृषि उपसंचालक कार्यालय एवं सिविल लाईन स्थित सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और हाथों पर काली पट्टी व काले कपड़े पहनकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में बताया कि व्यापारी लंबे समय से उर्वरकों पर डीलर मार्जिन बढ़ाने और खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग बंद करने की मांग कर रहे हैं। उनकी अन्य प्रमुख मांगों में रिटेलर के गोदाम तक खाद की निर्बाध आपूर्ति, ई-टोकन प्रणाली को स्थगित करना और सैंपल फेल होने की स्थिति में केवल निर्माता कंपनियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करना शामिल है। पोर्टल की अनिवार्यता को ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बनाया जाए। इंस्पेक्टर राज और अनावश्यक सरकारी हस्तक्षेप को समाप्त किया जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि एक महीने के भीतर उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी खरीफ सीजन में व्यापार पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा और अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

## गौमाता के सम्मान के लिए सड़कों पर उतरा हिंदू समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास

नगर में गौ सम्मान आह्वान अभियान तहत हिंदू समाज का व्यापक जनसमर्थन देखने को मिला। सैकड़ों लोगों ने गौमाता के सम्मान और संरक्षण की मांग को लेकर रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की।

कार्यक्रम की शुरुआत कामधेनु गौशाला से हुई, जहां समिति अध्यक्ष सर्वेश्वर राठी के नेतृत्व में भव्य रैली निकाली गई। रैली भजन-कीर्तन और "गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करो", "गौमाता को कानूनी संरक्षण दो" जैसे नारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड पहुंची और वहां से तहसील कार्यालय परिसर में समाप्त हुई।तहसील कार्यालय में आयोजित



सभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष नारायण व्यास ने कहा कि वर्तमान में गौवंश की स्थिति चिंताजनक है। प्रभावी कानूनों के अभाव में दुर्घटनाएं और अवैध वध जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने गौधन को राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का आधार बताते हुए केंद्र सरकार से गौमाता को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आराध्या के रूप में संवैधानिक मान्यता देने की मांग की।इस दौरान समिति सचिव प्रकाश चंद्र सोलंकी ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन गिरदावर गिरवरसिंह चौहान को सौंपे। ज्ञापन में गौसेवा मंत्रालय के गठन, पंचायत स्तर पर नंदी शालाओं एवं वृहद गौशालाओं की स्थापना तथा गोचर विकास बोर्ड के गठन की मांग की गई।कार्यक्रम के अंत में कामधेनु गौसेवा समिति के अध्यक्ष गोबिंद बुडाना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर होटल संचालक गिरफ्तार

**देवास।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जारी सुरक्षा निर्देशों का उल्लंघन एक होटल संचालक को भारी पड़ गया। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने कार्रवाई करते हुए होटल गुलमोहर के संचालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।जिला दण्डाधिकारी, देवास द्वारा सभी होटल, लॉज, धर्मशाला एवं रैन बसेरों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि प्रत्येक ठहरने वाले व्यक्ति का पहचान पत्र लेना अनिवार्य है तथा उसकी जानकारी संबंधित थाने को नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए।इसी क्रम में 25 अप्रैल 2026 को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम ने ए.बी. रोड स्थित होटल गुलमोहर का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि संचालक अनवर पिता आदिल खान निवासी जयप्रकाश मार्ग, देवास द्वारा नियमों का गंभीर उल्लंघन किया जा रहा था। होटल में ठहरे व्यक्तियों का न तो कोई रिकॉर्ड संधारित किया गया था और न ही उनके पहचान पत्र लिए गए थे। साथ ही इसकी सूचना भी पुलिस को नहीं दी गई थी।कार्रवाई के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया और आदेशों को मानने से इनकार करते हुए कहा कि वह बिना आईडी के ही लोगों को ठहराएगा। इससे मौके पर शांति व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति बन गई।पुलिस ने जिला दण्डाधिकारी के आदेशों की अवहेलना और शांति भंग करने के आरोप में आरोपी के खिलाफ दर्ज किया है। साथ ही BNSS की धारा 170 के तहत गिरफ्तारी की कार्रवाई करते हुए आरोपी को एसडीएम न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



## सामूहिक विवाह सम्मेलन: परिणय सूत्र में बंधे 57 जोड़े समाजजन बने साक्षी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

समाज में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने और मध्यमवर्गीय परिवारों को सहारा देने के उद्देश्य से आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन बैहरी मार्ग स्थित भोमियाजी हनुमान मंदिर परिसर में हुआ। इस अवसर पर करीब 10 हजार से अधिक समाज जन मौजूद रहे और 57 जोड़े वैदिक रीति-रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे।बालाजी नवयुवक उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस तीसरे पाटीदार समाज विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि वल्लभभाई पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और इससे सामाजिक एकता के साथ आर्थिक बोझ भी कम होता है। पंडित गोपाल शर्मा के मंत्रोच्चार के बीच सभी नवदम्पत्तियों का विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें गृहस्थी की सामग्री व उपहार भेंट किए गए।समिति ने बताया कि वर्ष 2024 में 11 जोड़ों से शुरू हुआ यह आयोजन 2025 में 22 जोड़ों तक पहुंचा और इस वर्ष 57 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। यह बढ़ती संख्या समाज में इस पहल के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।कार्यक्रम में हीरालाल पाटीदार, शांतिलाल गामी, बाबूलाल कटारिया, जयराम भाई पाटीदार, धनश्याम पाटीदार सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे।

### करियर कंपास: विद्यार्थियों को मिला उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शन

# स्वयं की रुचि अधारित ही निर्णय सबसे बेहतर: एसपी गेहलोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री राजाभाऊ महाकाल सेवा न्यास द्वारा आयोजित "करियर कंपास" कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। होटल रामाश्रय में आयोजित कार्यक्रम में देवास शहर के सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रारंभ में प्रश्न मंच सत्र हुआ , जिसमें विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान, इतिहास एवं संस्कृति से जुड़े प्रश्न पूछे गए।

विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात बौद्धिक सत्र में वक्ता द्वारा विद्यार्थियों को विषय चयन एवं विभिन्न करियर विकल्पों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछकर शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में समापन सत्र में प्रश्न मंच के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को "स्वामी विवेकानंद का जीवन और



संदेश" पुस्तक भेंट की गई। कार्यक्रम के वक्ता एवं मार्गदर्शक पुनीत गेहलोद (एसपी, देवास) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 11वीं का विषय चयन ही भविष्य की दिशा तय करता है। उन्होंने बताया कि विषय चयन तीन आधारों पर होता है—मित्रों के प्रभाव से, अभिभावकों की इच्छा से या स्वयं की रुचि से इनमें से स्वयं की रुचि के आधार पर लिया गया निर्णय सबसे बेहतर होता है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि रुचि के अनुसार विषय चुनने और लगातार प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होती है। यूपीएससी में प्रारंभिक असफलताओं के बावजूद दृढ़ संकल्प के चलते उन्होंने सफलता हासिल की। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के समय में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेल, संगीत, कला, अभिनय एवं व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में भी करियर के अवसर उपलब्ध हैं। सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीक का सही उपयोग कर विद्यार्थी अपने कौशल को निखार सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव के बावजूद मानव की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रहेगी। समाज में पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि "पुलिस का भय होना चाहिए, लेकिन आतंक नहीं।"

उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने और जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। बालिकाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने पुलिस सेवाओं सहित अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में श्री गेहलोद ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के मार्गदर्शन को अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर निरंतर प्रयास करें, जिससे वे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगचारी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गंगचारी निवासी 24 वर्षीय हरी सिंह पुत्र शिवराज ने थाना मड़ावरा में तहरीर देकर बताया कि 26 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 4 बजे वह डीजे लेकर ग्राम झिलोन से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान गंगचारी तिराहे के पास गांव के ही वीरेन्द्र, नीरेंद्र, अमर सिंह और नत्थू सिंह ने उसे रोक लिया और पुराने मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि जब हरी सिंह ने समझौता करने से इंकार किया तो सभी आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना मड़ावरा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### तेज रफ्तार टैंकर ने टक्कर मारी, तीन घायल, महिला गंभीर

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसे झांसी से ग्वालियर रेफर किया गया है। ग्राम झरर निवासी तोरन ने थाना तालबेहट में दी तहरीर में बताया कि 16 अप्रैल की रात करीब 3.30 बजे उसका पुत्र मनोज और दामाद सिरोमन मोटरसाइकिल से सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान ललितपुर से झांसी की ओर जा रहे तेज रफ्तार टैंकर (एमपी15 जेड.एम. 6352) ने लापरवाही से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सिरोमन के हाथ में गंभीर चोटें आईं और उंगलियों में फ्रैक्चर हो गया। टक्कर के बाद टैंकर आगे बढ़कर एक ट्रैक्टर से भी जा टकराया, जिससे ट्रैक्टर पर सवार महिला सेवकुंवर, चालक चंदन और अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। महिला सेवकुंवर की स्थिति नाजुक होने पर उसे आगे ग्वालियर भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर से कुचलकर बुजुर्ग की मौत, बहू ने लगाया सूचना छिपाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी बिरधा के ग्राम खड़ेरा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां ट्रैक्टर से कुचलने के बाद एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की बहू ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद उसे समय पर कोई सूचना नहीं दी गई और पूरे मामले को छिपाने का प्रयास किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खड़ेरा निवासी सुनीता पत्नी कन्छेदी कुशवाहा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 26 अप्रैल को शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच देशराज पुत्र फूलचंद्र ने उनके ससुर कल्लू कुशवाहा पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने झांसी रेफर कर दिया। झांसी से भी हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता सुनीता का आरोप है कि घटना की जानकारी उसे समय पर नहीं दी गई। वह जब रात करीब 8 बजे खाना लेकर पहुंची, तब उसे पूरे घटनाक्रम का पता चला। इस बात को लेकर उसने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने चौकी बिरधा पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जिलाधिकारी ने बैठक में लापरवाह चिकित्सा अधिकारियों को फटकारा

# स्वास्थ्य सेवाओं में ऐसा सुधार हो कि गरीब को न जाना पड़े प्राइवेट अस्पताल : डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला स्तरीय शासी निकाय एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की और लपरवाह ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधीक्षकों को फटकार लगायी।

उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान ग्रामीण स्तर पर प्रगति खराब होने पर चिकित्सा अधिकारियों को फटगार लगायी और निर्देश दिये कि विगत वर्ष जिन ग्रामों व वार्डों में डेंगू के केस मिले थे, यदि उनमें फिर से डेंगू हुआ तो उस क्षेत्र की आशा, आगंनबाड़ी कार्यकत्री, चिकित्सा अधीक्षक व खंड विकास अधिकारी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से घर-घर संचारी रोगों के प्रति जागरुकता फैलायें। इसके साथ ही लार्वा जनित स्थानों पर एण्टी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग करायें। वहीं उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सा इकाइयों पर स्वास्थ्य सेवाओं में ऐसा सुधार हो कि गरीब व्यक्ति को प्राईवेट अस्पतालों में न जाना पड़े। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिये कि सीएचसी/पीएचसी पर आंख बंद करके रेफर न किया जाए, अन्यथा बाहर की टीम से एक-एक पर्चे की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के रेफर केस में हुई प्रसूताओं की मृत्यु की ऑडिट रिपोर्ट तलब की। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि तैनाती स्थल पर निवास कर चिकित्सा इकाईयों पर कम से कम बेसिक उपचार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि स्वास्थ्य मिशन की बैठक के एक सप्ताह पूर्व चिकित्सा अधीक्षक अपने स्तर पर बैठक कर लें ताकि डाटा स्पष्ट हो सके। यदि अगले माह भी यही रिपोर्ट आयी तो सम्बंधित एमओआईसी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि चिकित्सा ईकाइयों पर सीएचओ उपस्थित नहीं रहते तो ऐसे कार्मिकों को हटाकर दूसरे कार्मिकों को भर्ती किया जाए, जखौरा ब्लॉक के बीपीएम की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करने, एनआरसी रिपोर्ट में शून्य प्रगति वाले ब्लॉकों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही जनपद के महत्वाकांक्षी ब्लॉक मड़ावरा में एक्सप्रेसनल ब्लॉक पैरामीटर में सुधार करने के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, डीपीएम रजिया फिरोज, जिला मलेरिया अधिकारी अनिल मैसी, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना, चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित रहे।

### 17 नामजद सहित कई पर मुकदमा दर्ज

## युवक की मौत से भड़का आक्रोश, शव रखकर हाईवे जाम किया

**ललितपुर।** पूराकलां थाना क्षेत्र में युवक की मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। पुलिस के काफी समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। इस प्रकरण में पुलिस ने 17 नामजद समेत 100 से अधिक लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया है कि 24 अप्रैल 2026 को ग्राम विजयपुरा में एक युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब परिजन शव लेकर गांव लौट रहे थे, तभी आक्रोशित ग्रामीणों ने पूराकलां-तालबेहट रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। बताया जा रहा है कि करीब 100-125 लोग एकत्र होकर सड़क पर बैठ गए और पूरी तरह यातायात बाधित कर दिया। जाम के कारण बसें, एम्बुलेंस और अन्य वाहन फंस गए, जिससे मरीजों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने करीब 40-45 मिनट तक जाम नहीं खोला। इसके बाद उग्र भीड़ ने शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर तालबेहट मार्ग होते हुए पूराकलां तिराहे पर फिर से जाम लगा दिया। स्थिति बिगडने पर उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों द्वारा काफी समझाने और परिजनों को सांत्वना देने के बाद आखिरकार जाम खुलवाया गया और शव का अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस ने इस मामले में हरिराम, कामता, रामेश्वर, प्रकाश, लल्लू, राकेश समेत 17 नामजद और करीब 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो और फोटो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

### श्रमिकों के कार्यस्थल, निवास के पास कैंप लगाकर सेवाएं दी जाएंगी

## आज से शुरू होंगे श्रमिक आरोग्य मेले, श्रमिकों को घर के पास मिलेगी मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं

**यह मेले कम से कम एक सप्ताह तक संचालित होंगे, एमबीबीएस एवं आयुष चिकित्सकों द्वारा सामान्य परामर्श दी जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में श्रमिकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 अप्रैल से श्रमिक आरोग्य मेलों का आयोजन शुरू किया जाएगा।

यह जानकारी सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने देते हुए बताया कि यह आयोजन अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के निर्देशों के अनुपालन में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा नगरीय एवं ग्रामीण आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में इन मेलों का आयोजन किया जाएगा। यह मेले कम से कम एक सप्ताह तक संचालित होंगे, जिनमें श्रमिकों के कार्यस्थल अथवा उनके निवास के निकट कैंप लगाकर सेवाएं दी जाएंगी। आरोग्य मेलों में एमबीबीएस एवं आयुष चिकित्सकों द्वारा सामान्य परामर्श के साथ-साथ स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र रोग और दंत रोग विशेषज्ञों की ओपीडी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। मरीजों के लिए हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, टीएलसी जैसी सामान्य जांचों के साथ मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड के पॉइंट ऑफ केयर टेस्ट भी किए जाएंगे। मेलों में टीकाकरण को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। पात्र किशोरियों को एचपीवी टीका, बच्चों को डीपीटी व टीडी टीके लगाए जाएंगे और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो। इसके साथ ही मुंह, सर्वाइकल और स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग, तथा एचआईवी व वायरल हेपेटाइटिस की जांच भी की जाएगी। पॉजिटिव पाए गए मरीजों का समुचित उपचार कराया जाएगा। शिविरों में पात्र श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे, जिससे उन्हें पंजीकृत अस्पतालों में निशुल्क उपचार मिल सके। साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर मुफ्त ऑपरेशन के लिए रेफर किया जाएगा और आवश्यक दवाएं भी वितरित की जाएंगी।

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए मेलों में लोगों को डिहाइड्रेशन, तेज बुखार, सिरदर्द और घबराहट जैसे लक्षणों के प्रति जागरूक किया जाएगा और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी जाएगी। सीएमओ ने सभी श्रमिकों और उनके परिवारों से अपील की है कि वह इन आरोग्य मेलों में पहुंचकर अधिक से अधिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

### सरकार के खिलाफ एग्रो डीलर्स व्यापारियों का आंदोलन

## 12 सूत्रीय मांगों पर सरकार को एक माह का अल्टीमेटम, अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल के तहत ललितपुर में भी डीलरों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

इस दौरान व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगामी खरीफ सीजन से पहले अनिश्चित कालीन हड़ताल की जाएगी। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि उर्वरक एवं कृषि रसायन व्यापार से जुड़े डीलर पिछले कई वर्षों से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि जटिल नियमों और कानूनी प्रावधानों के कारण व्यापार करना लगातार कठिन होता जा रहा है, जिसका असर किसानों तक भी पड़ सकता है। ज्ञापन में जबरन लिंकिंग पर रोक, उर्वरकों पर डीलर मार्जिन बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत किए जाने, उर्वरकों की आपूर्ति सीधे बिक्री केन्द्र तक सुनिश्चित करने, सार्थी पोर्टल की अनिवार्यता समाप्त करने, सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को गवाह मानने, एक्सपायर्ड स्टॉक की वापसी अनिवार्य करने तथा लाइसेंस संबंधी नियमों में राहत देने जैसी मांगें प्रमुख रूप से शामिल हैं। डीलरों ने कहा कि यदि समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया गया तो इसका सीधा असर खरीफ सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता पर पड़ेगा, जिससे किसान भी प्रभावित होंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश जैन, जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार जैन, जिला मंत्री स्वप्निल जैन, सुनील कुमार जैन, इंद्रपाल राय, शैलेंद्र कुमार जैन, सुनील राजपूत, कैलाश साहू, जगमोहन राजपूत, दिनेश मिश्रा, सुंदर यादव, नीतू (तालबेहट), बद्रीप्रसाद गुप्ता, फूलचंद राय, अमित कुमार, चक्रेश जैन, विनोद साहू, विश्वास कालरा, गेंदालाल साहू, आशीष देवरिया, फूलचंद असाटी, सजल कुमार जैन, अनुराग जैन, संजय जैन, अंकित लोधी, नरेंद्र कुमार साहू, लोकेश राठौर, प्रसन्न कुमार साहू, भूपेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में डीलर मौजूद रहे।

## कक्षा 11 में प्रवेश आवेदन आमंत्रित मेरिट के आधार पर चयन होगा

**ललितपुर।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, तरगुवां (तालबेहट) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11 में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर संपन्न की जाएगी। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विद्यालय में कक्षा 11 के लिए विज्ञान वर्ग (गणित एवं जीव विज्ञान) में कुल 31 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें सामान्य वर्ग की 6, अन्य पिछड़ा वर्ग की 1 तथा अनुसूचित जाति/जनजाति की 21 सीटें रिक्त हैं। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र एवं हाईस्कूल अंकपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करनी होंगी। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 8 मई तथा जमा करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची 11 मई को प्रकाशित की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही इस सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

## दूसरी पाली में बढ़ा छात्रों का उत्साह 75 फीसदी उपस्थिति दर्ज की गई

**ललितपुर।** जिले में 27 अप्रैल को आयोजित हुई परीक्षा के आंकड़े सामने आ गए हैं। कुल 8 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित इस परीक्षा में हजारों छात्रों ने भागीदारी की। परीक्षा के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट हुआ है कि सुबह की पहली पाली की तुलना में दोपहर की दूसरी पाली में छात्रों का उत्साह अधिक था और उपस्थिति प्रतिशत में भी सुधार देखा गया। परीक्षा की पहली पाली में कुल 3120 सीटों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें कुल 2295 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 825 छात्र अनुपस्थित रहे। इस प्रकार पहली पाली में कुल उपस्थिति प्रतिशत 73.56 प्रतिशत दर्ज किया गया। केन्द्रों के प्रदर्शन की बात करें तो पहली पाली में पीएन इंटर कॉलेज ने बाजी मारी, जहां सर्वाधिक 76.67 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहे। वहीं, नेहरू डिग्री कॉलेज पार्ट-2 में 70.31 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जो उस पाली में सबसे कम रही। इसी तरह, गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में 76.25 प्रतिशत और गवर्नमेंट इंटर कॉलेज में 72.71 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई थी। दोपहर की दूसरी पाली में छात्रों की भागीदारी में इजाफा देखने को मिला। दूसरी पाली में भी पहली पाली की तरह ही 3120 सीटों का निर्धारण किया गया था, लेकिन यहां 2345 छात्रों ने परीक्षा दी। इस पाली में अनुपस्थित छात्रों की संख्या घटकर 775 रह गई, जिससे कुल उपस्थिति प्रतिशत बढ़कर 75.16 प्रतिशत तक पहुंच गया। दूसरी पाली में गवर्नमेंट इंटर कॉलेज का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जहां 77.29 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। अन्य केन्द्रों की स्थिति पर नजर डालें तो गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में 75.42 प्रतिशत, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज में 75.52 प्रतिशत और नेहरू डिग्री कॉलेज पार्ट-1 में 75 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहे।

### निवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया

## पाइपलाइन बिछाने में पत्थर बन रहे बाधा जुगपुरा में लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के वार्ड नंबर 8 स्थित जुगपुरा मोहल्ले में पाइपलाइन बिछाने का कार्य इन दिनों बीच में ही अटका हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

माँ अहिल्याबाई बालिका इंटर कॉलेज के पीछे पाइपलाइन का काम अधूरा छोडने के कारण करीब कई परिवार पीने के पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। स्थानीय निवासियों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा था, लेकिन एक विशेष स्थान पर आकर काम जानबूझकर रोक दिया गया। आरोप है कि सड़क के बीच में करीब 2 से 2.5 फीट ऊंचे पत्थर का टुकड़ा (टौरिया) आड़े आ रहा है। इस बाधा को हटाने की जहमत न उठाए जाने के कारण पाइपलाइन का काम अधूरा पड़ा है। निवासियों का कहना है कि उन्हें पीने के पानी की सख्त



आवश्यकता है, लेकिन प्रशासन की इस सुस्ती के कारण उन्हें मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर मोहल्ले के निवासियों ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यालय स्तर पर अधिशासी अभियंता (नगरीय) को पत्र मार्क किया गया है, जिसमें आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अब देखना यह होगा कि इन निर्देशों के बाद कब तक यह पत्थर की बाधा दूर होती है और जुगपुरा निवासियों को पीने का पानी नसीब हो पाता है।

## महिला से छेड़छाड़, रंगदारी और मारपीट करने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ देर रात घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट और रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पांच नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी कस्बा एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 अप्रैल 2026 की रात करीब 11.30 बजे वह अपने घर में सो रही थी।

इसी दौरान गौरव राजा, अनुज राजा उर्फ रानू, शिवाजी राजा, एक ठेकेदार और अन्य अज्ञात लोग उसके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। महिला का आरोप है कि जब वह बाहर निकली तो आरोपियों ने उसे वहां रहने के लिए 20 हजार रुपये देने की मांग की। विरोध करने पर अनुज उर्फ रानू ने उसके साथ अभद्रता करते हुए हाथ पकड़कर खींच लिया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को भी तोडफ़ोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने पुलिस को फोन करने की कोशिश की तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच उच्चाधिकारी स्तर पर कराई जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### थाना बालाबेहट पुलिस ने मोबाइल को ट्रेस कर बरामद किया

## खोया मोबाइल लौटाने से पीड़ित के चेहरे पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना बालाबेहट पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गिर, खोए हुए एक महंगे मोबाइल फोन को बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सुपुर्द किया। मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 37 हजार रुपये बताई गई है।

मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर खुशी लौट आई और उसने पुलिस की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक



कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पाली अजय कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। थाना बालाबेहट पर जनसुनवाई एवं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त गुमशुदगी प्रार्थना पत्रों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण कर भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर जानकारी अपलोड की तथा तकनीकी विश्लेषण और विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त डेटा के आधार पर मोबाइल को ट्रेस कर बरामद किया। इसके बाद नियमानुसार मोबाइल उसके स्वामी को सौंप दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं थाना बालाबेहट पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनकी तत्परता और कार्यकुशलता की सराहना की। पुलिस ने एक अदद मोबाइल फोन जिसकी अनुमानित कीमत 37 हजार रुपये बतायी गयी है को बरामद किया है। फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष महेन्द्र पाल, उपनिरीक्षक सतीश बाबू, कांस्टेबल आनन्द कुमार शामिल रहे।



# 1363 युवाओं ने दी एमपीपीएससी की परीक्षा मेटल डिटेक्टर से हुई अभ्यर्थियों की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अधिकारी बनने की चाहत में अर्से से मेहनत कर रहे जिले के अभ्यर्थियों ने रविवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित प्री-लिम्स परीक्षा में भाग्य आजमाया। इस परीक्षा के लिए मुख्यालय एवं ब्यावरा सहित पांच केंद्र बनाए गए थे। दो पालियों में संपन्न हुई परीक्षा के लिए कुल 1734 अभ्यर्थी पंजीकृत थे जिनमें से पहली पाली में 361 एवं दूसरी पाली में 371 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह कुल 1363 अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दी। परीक्षा की नोडल डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजौरे ने बताया कि परीक्षा के लिए राजगढ़ में कन्या शाला, उत्कृष्ट विद्यालय, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय व ब्यावरा में कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल इस तरह पांच केंद्र बनाए गए थे। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तमाम सुरक्षा इंतजामों के बीच सुबह 10 बजे से 12 बजे एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई।

### कड़ी सुरक्षा के बीच केंद्र में दिया गया प्रवेश

सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक स्तर पर सुरक्षा के इंतजामात किए गए थे। केंद्र के अंदर किसी भी तरह का डिजिटल उपकरण, जूते-मोजे, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, हेडफोन ले जाना प्रतिबंधित था। इसके साथ ही पर्स, बेल्ट, धूप का चश्मा भी केंद्र के अंदर नहीं ले जाने दिया गया। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसडीएम निधि भारद्वाज ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### जांच के लिए आधा दर्जन दुकानों से सैंपल लेकर लेब भेजे गए

# दूध डेयरियों और बर्फ फैक्ट्रियों पर दबिश, लिए पदार्थों के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़





मिलावट पर नकल कसने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में दूध और दूध से निर्मित पदार्थों सहित बर्फ की फैक्ट्री दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कुड़ी में कल रविवार को कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, बर्फ की जांच की ग्की। जांच के दौरान नरसिंहगढ़ स्थित अग्रवाल स्वीट्स सुभाष चौक नरसिंहगढ़, मन्नू एवर फ्रेश छारबाग नरसिंहगढ, पूनम कोल्ड ड्रिंक नरसिंहगढ़, सोनी सोनी एवर फ्रेश सुभाष चौक नरसिंहगढ़, माहेश्वरी दूध डेयरी नरसिंहगढ़ एवं ताई फैक्ट्री में टीम जांच के लिए पहुंची।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने बताया की जांच के दौरान पूनम कोल्ड ड्रिंक से आइसक्रीम और लस्सी के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं इदरिश की बर्फ फैक्ट्री से बर्फ का नमूना जांच हेतु लिया गया। जांच के दौरान पर फैक्ट्री पर खाद्य पदार्थ बर्फ विक्रय, भंडारण का खाद लाइसेंस नहीं पाया गया ऐसे में फैक्ट्री को आगामी आदेश तक बर्फ का निर्माण हेतु बंद कर दिया गया।

लाइसेंस प्राप्त उपरांत ही बर्फ का निर्माण एवं विक्रय कार्य किया जाएगा। लिए गए सभी नमूने फूड लैबोरेट्री भोपाल भेजे जाएंगे एवं रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बर्फ फैक्ट्री में इस तथ्य का भी प्रमाण नहीं था कि जिस पानी से बर्फ बनाई जा रही थी वह पीने योग्य था या नहीं। कोई जांच रिपोर्ट मौके पर नहीं पाई गई। इस कारण लोकहित में इदरीश बर्फ फैक्ट्री से बर्फ का निर्माण करना बंद कराया गया है।

## तेज हवा के साथ बारिश, गर्मी से मिली राहत



**कुरावर।** भीषण गर्मी से जूझ रहे शहरवासियों को सोमवार शाम अचानक आई तेज हवाओं और बारिश ने बड़ी राहत दी। दिनभर तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बाद शाम करीब 6:15 बजे मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों ने राहत की सांस ली। तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटने और हल्की अव्यवस्था की भी खबरें सामने आई हैं। हालांकि, बारिश से गर्मी का असर काफी हद तक कम हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिलने का यह पहला मौका है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी आंशिक बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

### ताला तोड़कर दिया वारदात को अंजाम, अज्ञात पर केस दर्ज

# नेवज मुक्तिधाम पर चोरों का धावा मोटर पंप सहित अन्य सामान चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर कुछ दिनों तक थमी चोरी की घटनाओं के बाद चोरों ने एक बार फिर से वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। इस बार अज्ञात चोर ने पुरा क्षेत्र स्थित नेवज मुक्तिधाम को अपना निशाना बनाया और वहां के स्टॉक कक्ष से पानी का मोटर पंप, पाइप सहित अन्य सामान चुरा ले गए।

जानकारी के अनुसार पुरा क्षेत्र में सर्किट हाउस के नजदीक स्थित नेवज मुक्तिधाम में लकड़ी, कंडे व अन्य सामान रखने के लिए कमरा बना हुआ है। शनिवार-रविवार की रात्रि चोर ने इस कक्ष का ताला तोड़ा और अंदर रखा एक एचपी का मोटर पंप, लोहे के एंगल के टुकड़े, केबल आदि चुरा ली। रविवार सुबह जब स्थानीय व्यक्ति मुक्तिधाम परिसर पहुंचा तो कमरे का ताला टूटा देख समिति पदाधिकारियों को सूचना दी गई। समिति संरक्षक केसी केसरवाल, अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित अन्य पदाधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को इत्तला दी। बाद में फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट भी घटनास्थल पहुंचे और आवश्यक जांच-पड़ताल की। पुलिस के अनुसार जल्द चोर का पता लगा लिया जाएगा।

### परिसर के समीप ही पड़ा मिला ताला

चोरी की इस घटना को स्टॉक रूम का ताला तोड़कर अंजाम दिया गया था। चोर ने ताला तोड़कर उसे समीप ही फेंक दिया। बाद में यह ताला पुलिस को मिला जिसके फिंगर प्रिंट लिए गए हैं।

## मांगलिक भवन की दीवार गिरने से मजदूर और राहगीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वार्ड क्रमांक 10 स्थित भूरी के मैदान में मनकामनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में निर्माणाधीन मांगलिक भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह भवन क्षेत्रीय विधायक निधि से लगभग 10 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना है।

रविवार को अचानक भवन की एक दीवार भरभराकर गिर गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के समय वहां अधिक भीड़ मौजूद नहीं थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दीवार गिरने से पास में कार्य कर रहे एक मजदूर को हल्की चोट आई, जिसे तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना का दूसरा पहलू और भी चिंताजनक रहा, जब दोपहर के समय एक बाइक सवार दंपति वहां से गुजर रहा था, तभी दीवार का हिस्सा उन पर आ गिरा। हादसे में दोनों को अंदरूनी चोटें आईं, जबकि उनकी बाइक का आगे का हिस्सा (मास्क) भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में पीड़ितों द्वारा संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई है।

स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में घटिया एवं गुणवत्ताविहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि निर्माण मानकों का पालन किया जाता, तो इस तरह दीवार का गिरना संभव नहीं था। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई, तो पूरा भवन भविष्य में खतरनाक साबित हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर विशेष शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा सारंगपुर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम ह्लपशु चिकित्सकः भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षकह्व थीम पर आधारित रहा, जिसका उद्देश्य पशु स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग के निर्देश एवं जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला राजगढ़ के निर्देशन में विकासखंड सारंगपुर के चयनित क्षीर धारा एवं वृंदावन ग्रामों में शिविर लगाए गए। शिविरों में बांझपन निवारण, उपचार, औषधि वितरण, टीकाकरण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं गर्भ परीक्षण जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही पशुपालकों को संतुलित आहार, रोग नियंत्रण, डेयरी प्रबंधन एवं आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभागीय योजनाओं जैसे पशु बीमा, अनुदान, दुग्ध उत्पादन वृद्धि एवं टीकाकरण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उन्नत नस्ल संवर्धन और ग्रामीणों की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शाक्या ने बताया कि पशु स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा आपस में जुड़े हैं।

### ताज़ियत मजलिस का आयोजन, एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

रविवार को इमामबाड़ा, सैयद वाड़ी में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक ताज़ियत मजलिस का आयोजन किया गया। यह मजलिस ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई की शहादत की याद में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से आयतुल्लाह डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही साहब (ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि) शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदुस्तान में महात्मा गांधी जैसी महान शख्सियत हुई, जिन्हें दुनिया आज भी याद करती है क्योंकि वे सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर देश की आजादी के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने बताया कि ईरान में आज भी कई सड़कें और अस्पताल महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर हैं, जो भारत-ईरान के मजबूत रिश्तों का प्रतीक हैं।उन्होंने यह भी कहा कि शहीद खामेनेई साहब का भारत के प्रति विशेष लगाव था और वे हिंदुस्तान से गहरा प्रेम करते थे।




## कुरावर में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान तेज वार्डवार जिम्मेदारी तय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद कुरावर ने शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। परिषद द्वारा 24 अप्रैल 2026 को आदेश जारी कर वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक वार्ड में सफाई कार्य की निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण करें, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं।

नगर परिषद ने सभी कर्मचारियों को सुबह 6 बजे से वार्डों में उपस्थित होकर सफाई कार्य का जायजा लेने और आवश्यक सुधार तत्काल कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित सफाई दरोगा एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि केवल सफाई ही नहीं, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी प्राथमिकता में शामिल है, ताकि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके।

# आमजन ने 'मन की बात' श्रवण कर मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 113वें एपिसोड का रविवार को प्रसारण हुआ। भाजपाइयों सहित प्रधानमंत्री के समर्थकों द्वारा कहीं सामूहिक तो घरों में बैठकर इस एपिसोड का श्रवण किया गया। जिले के विभिन्न बूथों पर भी इस एपिसोड का प्रसारण आमजनों को श्रवण करवाया गया।

इसी कड़ी में नगर के वार्ड-8 किशनगढ़ में पुष्पद समाज अध्यक्ष महेश पुष्पद के निवास पर भाजपाइयों ने सामूहिक रूप से ध्यानपूर्वक पीएम के मन की बात सुनी। एपिसोड प्रसारण उपरांत भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य एवं नपाध्यक्ष विनोद साहू का हार-मालाओं से साफा, श्रीफल से स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष महेश प्रजापति, बूथ प्रभारी मोहम्मद शफीक खान, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश शर्मा, इरफान मेवाती सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान बूथ प्रभारी शफीक खान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से विधेयक प्रस्तुत किया गया था लेकिन विपक्षियों ने इसे पारित नहीं होने दिया। पूरा विपक्ष महिला विरोधी है लेकिन आने वाले दिनों में मातृ-शक्तियां विपक्ष को करारा जवाब जरूर देंगी।

# सिलेंडर में गैस की जगह निकला पानी, गैस सप्लाई पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

रसोई गैस उपभोक्ताओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम निवासी विनीता बाई कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 13 अप्रैल को 930 रुपए में सिलेंडर भरवाया था, लेकिन करीब 12 दिन बाद ही गैस खत्म हो गई। जांच करने पर सिलेंडर से पानी जैसी आवाज आई और दबाने पर पानी निकलने लगा। परिवार का आरोप है कि करीब 4 किलो गैस उपयोग के बाद शेष सिलेंडर में पानी भरा मिला।

शिकायत लेकर एजेंसी पहुंचने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से परिवार नया सिलेंडर भरवाने में असमर्थ है। एजेंसी संचालक अभिषेक सुगंधि ने कहा कि उपभोक्ता दोबारा बुकिंग कराएं, 4 किलो गैस की राशि समायोजित कर नया सिलेंडर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।



# रात में भी चली लू की लपटें, छुट्टी का इंतजार अभिभावकों ने कलेक्टर से रखी अपनी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि दिन के साथ-साथ रात में भी लू की लपटें चल रही हैं। भीषण गर्मी के चलते सुबह 11 बजे से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा देखा जा रहा है और लोग आवश्यक कार्यों से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिला शिक्षा विभाग ने कुछ दिनों पूर्व स्कूलों का समय भले ही बदल दिया है लेकिन अभिभावकों द्वारा पूर्णतः अवकाश की मांग की जा रही है। प्रदेश के कुछ जिलों में अवकाश का आदेश भी जारी हो चुका है लेकिन राजगढ़ जिले में अभी भी आदेश का इंतजार है। आपको बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा गत दिवस आदेश जारी करते हुए शासकीय सहित निजी स्कूलों के संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक तय किया गया था। लगातार बढ़ रहे तापमान के दृष्टिगत अभिभावकों ने प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों से मांग की है कि पूरी तरह अवकाश घोषित कर दिया जाना चाहिए।



### 1 मई से प्रारंभ होंगे ग्रीष्मावकाश

ग्रीष्मावकाश आरंभ होने में आज से पांच दिन का समय शेष बचा है परंतु नन्हे बच्चों पर भीषण गर्मी और लू का दुष्प्रभाव न हो इसके लिए स्कूलों खासकर प्राथमिक विद्यालयों में पूरी तरह अवकाश की मांग तेज हो चली है।